web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, गुरूवार 23 मई 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-230

## इसरो ने लांच किया 'आरआईएसईटी-2बी' अर्थ सैटेलाइट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत का पोलर सैटेलाइट लांच व्हीकल (पीएसएलवी) रडार इमेजिंग अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट आरआईएसएटी-2बी को लेकर यहां रॉकेट पोर्ट के पहले लांच पैड से को प्रक्षेपित हो गया। प्रक्षेपण के लगभग 15 मिनट के बाद रॉकेट आरआईएसएटी-2बी को यहां से लगभग 555 किलोमीटर दूर कक्षा में स्थापित कर देगा। इसरो के अनुसार इसका जीवन पांच साल का है। रॉकेट अपने साथ 615 किलोग्राम का आरआईएसएटी-2बी ले जाएगा जो आकाश से भारत की खुफिया क्षमताओं को और मजबूत करेगा, वहीं इसरो ने इस संदर्भ में कोई जवाब नहीं दिया।

भारत की एक अन्य आरआईएसएटी-2बीआर नाम के रडार इमेज सैटेलाइट को भी इसी साल लांच करने की योजना है। इसरो के अनुसार, आरआईएसएटी-2बी का उपयोग कृषि, वन विज्ञान और आपदा प्रबंधन में किया जाएगा।

आरआईएसएटी-2बी के साथ प्रक्षेपित 44.4 मीटर लंबा पीएसएलवी स्ट्रैप-ऑन मोटरों के बिना वाला अकेला वेरिएंट है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी के पास पीएसएलवी के दो और चार स्ट्रैप-ऑन मोटर्स और बड़े पीएसएलवी-एक्सएल हैं।

### रिसेट-2बी उपग्रह में कई विशेषताएं

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. के. शिवन ने कहा कि लांच व्हीकल पीएसएलवी-सी 46 से


**अब आतंकियों पर होगी बाज जैसी नजर**



सफलतापूर्ण प्रक्षेपित पृथ्वी की निगरानी करने वाले रडार इमेजिंग उपग्रह रिसेट-2बी में कई विशेषताएं हैं।

डॉ. शिवन ने सफल मिशन के बाद वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए कहा, मुझे यह कहते हुए बेहद खुशी हो रही है कि पीएसएलवी-सी46, रिसेट-2बी उपग्रह को 555 किलोमीटर की ऊंचाई पर सफलतापूर्वक निर्दिष्ट कक्षा में 37 डिग्री झुकाव के स्थापित कर दिया। उन्होंने कहा, यह मिशन इस मायने में महत्वपूर्ण है कि पीएसएलवी ने अंतरिक्ष में 50 टन ले जाने की रिकॉर्ड को पार किया है। यह अब तक 350 उपग्रहों को कक्षा में स्थापित किया है जिनमें से 47 राष्टीय उपग्रह हैं और शेष छात्र एवं विदेशी उपग्रह हैं। डॉ. शिवन ने कहा कि रिसेट-2 बी उपग्रह एक सिंथेटिक अर्पचर रडार(एसएसआर) से लैस है जो पृथ्वी की निगरानी की क्षमता को बढ़ाता है।

## कुलगाम में सेना ने मार गिराए दो आतंकी



**श्रीनगर (आरएनएस)।** कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों की घेराबंदी एवं तलाश अभियान (कासो) के दौरान मुठभेड़ में दो आतंकवादी के मारे जाने की सूचना है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में मिली खुफिया जानकारी के आधार पर राष्टीय राइफल्स (आरआर), जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान दल (एसओजी) तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों ने कुलगाम के गोपालपोरा में अभियान चलाया। सुरक्षा बलों के जवान जब आतंकवादियों की मौजूदगी वाले इलाके की घेराबंदी कर रहे थे, तो वहां छुपे हुए आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा बलों के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए गोलियां चलायीं। ताजा मिली जानकारी के अनुसार सेना व आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है।

सूत्रों के अनुसार दोनों ओर से हुई गोलीबारी में दो आतंकवादियों के मारे जाने की सूचना है, हालांकि आतंकियों का शव अभी तक बरामद नहीं हुआ है। सूत्रों ने बताया कि किसी भी तरह के प्रदर्शन को रोकने के लिए मुठभेड़ वाले स्थल के आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों तथा राज्य पुलिस के जवानों को तैनात कर दिया है। साथ ही प्रशासन ने किसी किस्म की अफवाह फैलने से रोकने के लिए कुलगाम में मोबाइल इंटरनेट सेवा स्थगित कर दी है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दो युवकों की गंगा में डूबने से मृत्यु

**बलिया (आरएनएस)।** जिले में दो अलग अलग घटनाओं में गंगा नदी में डूबने से दो युवकों की मृत्यु हो गयी। पुलिस के अनुसार रेवती थाना क्षेत्र के रेवती कस्बा के वार्ड नं दो का ओमसागर (20) सोमवार शाम एक मुंडन संस्कार मे हिस्सा लेने हल्दी थाना क्षेत्र के गंगा नदी के गंगापुर घाट आया था। नदी में नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया।काफी प्रयास के बाद भी उसका शव बरामद नहीं हो सका। उन्होने बताया कि एक अन्य घटना दोकटी थाना क्षेत्र के गंगा नदी के भुसौला घाट पर हुई। यहां मुंडन संस्कार में आया इब्राहिमाबाद का राहुल सिंह(16) नहाते समय गहरे पानी में चला गया और डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाल डालकर शव बाहर निकाला और पंचनामा के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### भूकंप के झटकों से थर्राया द्वीप, 28 घंटे में दूसरा भूकंप

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अंडमान निकोबार द्वीप समूह में भूकंप के झटकों से फिर एक बार धरती कांप उठी। यह महज 28 घंटों में दूसरा भूकंप है। बताया जा रहा है कि सुबह अंडमान द्वीप समूह में भूकंप के झटके महसूस हुए। रिक्टर स्केल पर इस भुकंप की तीव्रता 5.8 दर्ज की गई है। हालांकि इस भुकंपों से किसी जान-माल के नुक्सान की खबर नहीं है। बता दें कि इस क्षेत्र में लगातार भूकंप आते रहते हैं। इससे कुछ घंटों पहले ही 4.5 का भुकंप दर्ज किया गया था। इससे पहले एक अप्रैल की सुबह अंडमान निकोबार द्वीप समूह में महज 2 घंटे के अंदर 4.7 से 5.2 की मध्यम तीव्रता वाले 9 भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि ताबड़तोड़ अंदाज में आए भूकंप में किसी के हताहत होने की खबर नहीं आई थी और न ही किसी तरह की संपति को नुकसान पहुंचा था।

### बारातियों से भरी पिकअप पलटी, दो की मौत आधा दर्जन घायल

**सीधी (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के सीधी जिले के रामपुर नैकिन थाना क्षेत्र अंतर्गत भैंसरहा गांव के समीप बारातियों से भरी एक पिकअप के पलट जाने से मौके पर ही एक बाराती की मौत, जबकि दूसरे ने अस्पताल में उपचार के दौरान दमतोड दिया। दुर्घटना में आधा दर्जन बाराती घायल हैं, इनमें एक की हालत गंभीर बताई गयी है। पिकअप वाहन कल शहडोल जिले के चचाई देवलौंद से बारात लेकर वापस रीवा जिले के गोविन्दगढ़ आ रहा था। तभी ग्राम भैंसरहा में बाइक सवारों को बचाने के दौरान पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गयी। हादसे में बाराती द्वारिका साकेत (35) निवासी धोबहट की मौके पर मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल साहबलाल कोल (65) निवासी गोविंदगढ़ की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गयी। दुर्घटना में घायल छह अन्य बारातियों का इलाज रामपुर नैकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। इनमें एक बाराती को गंभीर चोटों के चलते रीवा ले जाया गया है।

### ट्रेन में महिला का मिला शव

**चित्तौड़गढ़ (आरएनएस)।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में दिल्ली सराय रोहिल्ला से इंदौर जाने वाली साप्ताहिक ट्रेन के वातानुकूलित कोच के शौचालय में आज तड़के एक महिला यात्री का शव मिलने से हड़कंप मच गया। जीआरपी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को जिला चिकित्सालय में पहुंचाया। रेलवे थाना पुलिस ने बताया कि रेलवे स्टेशन कन्ट्रोल रूम से फोन आया कि चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन के आउटर पर खड़ी दिल्ली सराय रोहिल्ला-इंदौर साप्ताहिक ट्रेन के एसी कोच बी-4 के शौचालय में किसी महिला का शव पड़ा है। इस कारण इस ट्रेन के कोच में हंगामा भी हो रहा था। पुलिस पूछताछ में सामने आया की अलवर निवासी जितेंद्र यादव अपनी पत्नी अंजू एवं बच्चों के साथ ट्रेन में सफर कर रहा था। अंजू शौचालय गई और काफी देर बाद भी बाहर नहीं आने पर देखा गया तो शौचालय में अंजू का शव पड़ा था। पुलिस ने 108 एंबुलेंस से महिला के शव को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जितेंद्र यादव ने पत्नी की हत्या की आशंका जताई है। रेलवे थाना पुलिस मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम कराएगी।

## चीन ने मरम्मत के बाद पाक को सौंपा पहला जेएफ-17 फाइटर जेट

**पेइचिंग।** चीन ने पाकिस्तान को मरम्मत के बाद पहला सिंगल इंजन जेएफ-17 फाइटर जेट सौंप दिया है। इस मल्टीरोल फाइटर जेट के निर्माण को लेकर चीन और पाकिस्तान के बीच करीब एक दशक पहले करार हुआ था। पेइचिंग की ओर से पाकिस्तान को फाइटर जेट्स की पहली खेप 2007 में सौंपी गई थी। इसके बाद पाकिस्तानी एयरफोर्स ने इनमें से कई जेट्स को अपने बेड़े में शामिल किया था। करीब एक दशक तक इस्तेमाल के बाद यह पहला मौका था, जब जेएफ-17 फाइटर जेट की ओवरहॉलिंग का काम किया गया। ओवरहॉलिंग का पहला काम नवंबर 2017 में शुरू किया गया था। दोनों पक्षों के बीच



इसके लिए 2016 में करार हुआ था।

चाइना एविएशन न्यूज के मुताबिक चांगशा 5712 एयरक्राफ्ट इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड ने सरकारी कंपनी एविएशन इंडस्ट्री कॉर्पोरेशन के साथ मिलकर इन जेट्स को तैयार किया।

## मोदी-शाह को क्लीन चिट का विरोध करने वाले आयुक्त की राय हुई खारिज

**» ईसी की पूर्ण बैठक में फैसला**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में चुनाव आयोग द्वारा पीएम मोदी और अमित शाह को क्लीन चिट मिलने से नाराज चुनाव आयुक्त अशोक लावासा की उस मांग को चुनाव आयोग ने खारिज कर दिया है, जिसमें लवासा ने आयोग के सदस्यों की असहमति या अल्पमत को भी सार्वजनिक करने की मांग की थी। बता दें कि चुनाव आयोग ने अशोक लावासा की इस मांग के मुद्दे पर बैठक की थी और इस



बैठक में यह फैसला किया गया कि असहमति को रिकॉर्ड में रखा जाएगा, लेकिन उसे फैसले के साथ सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। वहीं चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में चुनाव आयोग ने पीएम मोदी और अमित शाह को क्लीन चिट दे दी थी। अशोक लावासा ने क्लीन चिट दिए जाने वाले 5 मामलों में अपनी आपत्ति जतायी थी और पीएम मोदी और अमित शाह को क्लीन चिट दिए जाने का विरोध किया था।

मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा और चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा, पीएम मोदी और अमित शाह को क्लीन चिट देने के पक्ष में थे, इसलिए बहुमत के आधार पर अशोक लवासा के विरोध को दरकिनार करते हुए चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री को क्लीन चिट दे दी थी। ऐसे में अशोक लवासा ने बीती 16 मई को मांग की कि चुनाव आयोग की बैठकों में किसी सदस्य की असहमति या अल्पमत को भी सार्वजनिक किया जाए। इस पर चुनाव आयोग ने मंगलवार को बैठक कर अशोक लवासा की इस मांग को खारिज कर दिया। चुनाव आयोग ने बताया कि बैठक में चर्चा के बाद यह फैसला किया गया है कि आयोग की बैठक में सभी सदस्यों की राय को रिकॉर्ड में रखा जाएगा,लेकिन इसे सार्वजनिक फैसले में शामिल नहीं किया जाएगा। अपने इस फैसले के पीछे आयोग ने तर्क दिया कि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कोई न्यायिक मामला नहीं है, ऐसे में इसे सार्वजनिक करने की जरुरत नहीं है और यह सिर्फ फाइलों में रहेगा।

## सुको ने भाजपा उम्मीदवार की याचिका पर सुनवाई की मंजूरी दी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीमकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के बैरकपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार अर्जुन सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई करने की मंजूरी दे दी है। अर्जुन पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। अर्जुन ने अपनी याचिका में दावा किया है कि राज्य पुलिस द्वारा उनपर लगाए गए मामले पूरी तरह राजनीति से प्रेरित हैं। सिंह के वकील ने अदालत को बताया कि उन्हें जानबूझ कर मतगणना के दिन गुरुवार को उपस्थित रहने से रोका जा रहा है। उम्मीदवार ने इसका भी उल्लेख किया है कि पश्चिम बंगाल में वकीलों की जारी हड़ताल के चलते राज्य में किसी अदालत में नहीं जा सकने के कारण उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की है।

## सीआरपीएफ चौकी पर ग्रेनेड हमला, कोई हताहत नहीं

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आतंकियों द्वारा बड़े हमले को अंजाम दिया गया। आतंकियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की एक चौकी पर ग्रेनेड से हमला किया, लेकिन कोई नुकसान नहीं हुआ।

जानकारी के अनुसार, रात नौ बजे पुलवामा में स्टेट बैंक की स्थानीय शाखा परिसर के बाहरी हिस्से में स्थित सीआरपीएफ की चौकी पर आतंकियों ने ग्रेनेड फेंका। यह ग्रेनेड चौकी के पास गिरा और धमाके के साथ फट गया, लेकिन कोई नुकसान नहीं



हुआ। मौके पर सुरक्षाबलों ने इलाके को पूरी तरह से घेर लिया और सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

आज जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में को सुरक्षा बलों की घेराबंदी एवं तलाश अभियान (कासो) के दौरान मुठभेड़ में दो आतंकवादी के मारे जाने की सूचना है। आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में मिली खुफिया जानकारी के आधार पर राष्टीय राइफल्स (आरआर), जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान दल (एसओजी) तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों ने कुलगाम के गोपालपोरा में अभियान चलाया। सुरक्षा बलों के जवान जब आतंकवादियों की मौजूदगी वाले इलाके की घेराबंदी कर रहे थे, तो वहां छुपे हुए आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा बलों के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए गोलियां चलायीं। ताजा मिली जानकारी के अनुसार सेना व आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है।

सूत्रों के अनुसार दोनों ओर से हुई गोलीबारी में दो आतंकवादियों के मारे जाने की सूचना है, हालांकि आतंकियों का शव अभी तक बरामद नहीं हुआ है। सूत्रों ने बताया कि किसी भी तरह के प्रदर्शन को रोकने के लिए मुठभेड़ वाले स्थल के आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों तथा राज्य पुलिस के जवानों को तैनात कर दिया है।

## पति और ससुर पर महिला ने लगाया दुष्कर्म का आरोप

**मुरैना (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले की एक महिला ने अपने ही पति और ससुर पर दुष्कृत्य कर यातनाएं देने का आरोप लगाया है। पीडिता द्वारा इस मामले की शिकायत पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से किए जाने के बाद शहर की सिविल लाइन पुलिस ने शून्य में कायमी कर जांच के लिए प्रकरण संबंधित थाने को भेज दिया है।

जिले के पहाडगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला की शिकायत पर कल सिविल लाइन पुलिस ने शून्य में कायमी कर जांच के लिए प्रकरण को पहाडगढ थाने में भेज दिया गया है। दरअसल पीडिता अपने पति और ससुर के द्वारा दुष्कृत्य करने और शारीरिक यातनाएं देने की शिकायत करने पहाडगढ थाने गयी, लेकिन उसकी शिकायत नहीं लिखी गयी, जिसके बाद पीडिता द्वारा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को इससे अवगत कराया गया था।

पीड़िता का आरोप है कि उसका पति शेरू बैरागी और उसका ससुर कट्टे बैरागी नशे के आदी हैं और दोनों मिलकर उसके साथ दुष्कृत्य करते हैं। विरोध करने पर उसे शारीरिक यातनाएं देते हैं। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उसे बंधक बनाकर रखा जाता है। पीड़ित महिला ने कल यहां मीडिया के सामने अपने शरीर पर कटे और जले के घाव भी दिखाए। उसने कहा कि बड़ी मुश्किल से उसने घटना की जानकारी अपने भाई को दी।

पीडिता ने यह भी बताया कि जब उसका भाई ग्राम गोल्हारी अपने साथियों के साथ पहुंचा तो पति और ससुर ने ग्रामीणों की मदद से उन्हें भी बंधक बना लिया। पुलिस के पहुंचने के बाद ही उन्हें मुक्त किया गया था।

## प्रयागराज में अपह्त बालक भदोही में मुक्त, अपहरणकर्ता ने खुद को मारी गोली

**प्रयागराज/भदोही (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के सिविल लाइन क्षेत्र से ठेकेदार के सात वर्षीय अपहृत बालक को पुलिस ने भदोही के सुरियावा क्षेत्र से मुठभेड़ के दौरान मुक्त करा लिया। इस दौरान अपहरणकर्ता संजय यादव ने अपनी पिस्टल से खुद को गोली मार ली जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

प्रयागराज के सिविल लाइन इलाके के मुराद बाग लेन बागम्बरी अल्लापुर निवासी ठेकेदार अभिषेक सिंह का सात साल का बेटा रणबीर सिंह सिविल लाइंस इलाके में स्थित जिम्नास्टिक हॉल में मंगलवार



शाम प्रशिक्षण के लिए गया था। उन्होंने बताया कि ठेकेदार के यहां चालक रहा संजय यादव शाम करीब सवा छह बजे जिम्नास्टिक हॉल पहुंचा और कोच अभिलाष से कहा कि रणबीर सिंह का आज जन्मदिन है और उसके उसे घर बुलाया है। संजय यादव की बातों पर विश्वास करते हुए कोच ने बच्चे को उसके साथ भेज दिया। संजय बालक को अपनी कार में बैठाकर कर ले गया और कुछ देर बाद उसने अभिषेक सिंह को फोन करके बताया कि उसके बेटे का अपहरण कर लिया गया है और उसकी रिहाई के लिए तीन करोड़ रुपये का इंतजाम कर ले। इस दौरान उसने बालक की पिता से बात भी कराई। अभिषेक सिंह ने पुत्र के अपहरण की जानकारी पुलिस अधिकारियों को दी । प्रयागराज पुलिस ने बच्चे को बरामद करने के लिए अपहरणकर्ता संजय यादव का पीछा किया तो वह कार में बच्चे को लेकर भदोही की तरफ भागा।

वह रात करीब नौ बजे के बाद प्रयागराज सीमा से सटे भदोही जिले के सुरियावा थाना क्षेत्र में बसवापुर गांव के पास पहुंचा और पुलिस ने उसकी कार के टायर में गोली मार कर उसे घेर लिया। मुठभेड़ के दौरान संजय रात करीब साढ़े दस बजे उसने कार में अपनी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। पुलिस गंभीर हालत में उसे भदोही के जिला अस्पताल लेकर गई जहां डाक्ट्रों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि अपहरणकर्ता संजय यादव अभिषेक के यहां चालक था और कुछ दिन पहले ही उसे हटा दिया गया था।

## पाकिस्तान ने भारत में नया उच्चायुक्त नियुक्त किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने भारत में अपने नए उच्चायुक्त के तौर पर मोइन-उल-हक को नियुक्त किया है। पाकिस्तान द्वारा भारत में तैनात अपने उच्चायुक्त सोहैल महमूद को विदेश सचिव के पद पर प्रोन्नत किए जाने के बाद से यह पद रिक्त था।

विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने सोमवार को 18 राजदूतों और महावाणिज्य दूतों की नियुक्ति की घोषणा की। कुरैशी ने यहां संवाददाताओं से कहा, आज मैं प्रधानमंत्री इमरान खान से मिला और विस्तृत चर्चा के बाद नई चुनौतियों को देखते हुए उन्होंने नई नियुक्तियों को मंजूरी दे दी।

हक की नियुक्ति के बारे में बात करते हुए कुरैशी ने कहा कि भारत में चुनाव प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है और नई दिल्ली तथा इस्लामाबाद के बीच नए सिरे से बात शुरू हो सकती है इसलिए यह नियुक्ति बहुत महत्वपूर्ण है। हक वर्तमान में फ्रांस में पाकिस्तान के राजदूत हैं।